## दिनांक 03.08.2026 को आयोजित विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही

मुख्य अभियंता (यॉं०), जल संसाधन विभाग, पटना परिक्षेत्राधीन सिंचाई विद्युत सह यांत्रिक प्रमंडल, वाल्मी, पटना के अधीन चौसा पम्प हाउस योजना के पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या--01/2026--27 के तकनीकी बीड पर विचार करने हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

2. बैठक में उपस्थित पदाधिकारीगण :-

1 श्री चन्द्रशेखर सिंह, सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना।

2 ई0 निखिल कुमार, अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, पटना।

3. ई0 शम्स परवेज, मुख्य अभियंता (यॉंत्रिक), जल संसाधन विभाग, पटना।

4 श्री अरविन्द कुमार वर्मा, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, जल संसाधन विभाग, पटना।

3. कार्य विवरणी :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | कार्य का नाम | : | Operation and Maintenance of 04 Nos. of Centrifugual Pump set of 60 Cusec Capacity and 29M Head, Induction Motor Each in pump House including other allied mechanical and Electrical components for Chausa Pump Canal Scheme in Chausa Block of Buxar District Under Irrigation Electrical Cum Mechanical Division, Walmi Patna for period of 05 years |
| (ii) | प्रमंडल का नाम | : | सिंचाई विद्युत सह यांत्रिक प्रमंडल, वाल्मी, पटना |
| (iii) | निविदा प्रकाशन का विवरण | : | टाइम्स ऑफ इंडिया पटना एवं हिंदुस्तान दिनांक 25.05.2026 |
| (iv) | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि | : | दिनांक 20.06.2026 |
| (v) | निविदा खोलने की तिथि | : | दिनांक 20.06.2026 |
| (vi) | प्राप्त निविदा की सं० | : | 04 अदद् |
| (vii) | निविदा की प्रक्रिया | : | ई--निविदा |
| (viii) | परिमाण विपत्र की राशि | : | रू0 493.34223 लाख |
| (ix) | एन0 आई0 टी0 सं0 | : | 01/2026--27 |
| (x) | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | रू० 495.41235 लाख एवं पत्रांक--यो०(3)-यॉं0-(चौसा पम्प हाउस)--प्रशा0 स्वी0-311/2025--95 दिनांक 12.01.2026 |

4. तकनीकी बीड की समीक्षा :-

(i) उक्त कार्य हेतु पूर्व में निविदा आमंत्रण सूचना संख्या--07/2025--26 के द्वारा प्रथम बार निविदा आमंत्रित किया गया, जिसमें 02 अदद् निविदादाता द्वारा भाग लिया गया।

(ii) दिनांक 07.05.2026 को सम्पन्न विभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में 01 अदद निविदादाता यथा M/S Chandra Brothers के द्वारा तकनीकी बीड की सभी वांछित अर्हताएँ पूर्ण करने के कारण तकनीकी बीड में सफल किए जाने हेतु अनुशंसा किया गया।

(iii) दिनांक 20.05.2025 को संपन्न विभागीय निविदा समिति द्वारा विभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा पर सहमति प्रदान करते हुए वित्तीय बोली के मूल्यांकन हेतु सफल एकल निविदा होने के कारण पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना की अधिसूचना सं०--3162 (S) दिनांक 09.05.2016 के आलोक में निविदा आमंत्रण सूचना सं०-- 07/2025--26 के माध्यम से आमंत्रित

निविदा को रदद् करते हुये अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रित करने हेतु मुख्य अभियंता, (याँ०), जल संसाधन विभाग, पटना को निदेशित किया गया।

(iv) उक्त निदेश के अनुपालन में कार्यपालक अभियंता सिंचाई विद्युत सह यांत्रिक प्रमंडल, वाल्मी, पटना द्वारा अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना सं0–01/2026–27 आमंत्रित की गई। उक्त पुनर्निविदा में अधीक्षण अभियंता, सिंचाई विद्युत सह यांत्रिक अंचल, पटना द्वारा तुलनात्मक विवरणी में अंकित किया गया है कि उक्त पुनर्निविदा में कुल 05 निविदादाताओं द्वारा भाग लिया गया है। 01 अदद् निविदादाता Avendes Private Limited का Payment status WIP Mode में होने के कारण निविदा अभिलेख डाउनलोड नहीं हो सका। फलतः शेष 04 निविदादाताओं का तकनीकीबीड की अभिलेख तुलनात्मक विवरणी उपलब्ध कराया गया है।

मुख्य अभियंता (याँ०), जल संसाधन विभाग, पटना के पत्रांक 1541 दिनांक 02.07.2026 से प्राप्त उपर्युक्त कार्य की पुनर्निविदा अभिलेखों एवं तुलनात्मक विवरणी की समीक्षा के आलोक में स्थिति निम्नवत् है :–

(i) Hindustan Commerce & Industry, Begusarai

इनके द्वारा तकनीकी बीड से संबंधित अभिलेख में ITB Clause 4.7 के तहत Existing Commitment and Ongoing works के सम्बन्ध में Engineer-in Charge से प्रतिहस्ताक्षरित वांछित प्रमाण पत्र/एकरारनामा/कार्यावंटन आदेश, जिसमें कार्य की राशि सम्मिलित हो, संलग्न नहीं किया गया है। फलतः इनके Bid Capacity की वास्तविक गणना संभव नहीं है। Work for which Bid already submitted से सम्बंधित अभिलेख संलग्न नहीं किया गया है।

अतः ये तकनीकी बीड की सभी वांछित अहर्ता पूर्ण नहीं करते हैं।

(ii) M/S Chandra Brothers , Gardanibagh, Patna

इनके द्वारा तकनीकी बीड से संबंधित अभिलेख में ITB Clause 16.1 के तहत Bid Security (Earnest Money) मांग की गयी है, परन्तु इनके द्वारा संलग्न Bid Security(Earnest Money) ITB Clause 16.1 के वांछित प्रपत्र के अनुरूप नहीं है, जो मान्य नहीं है।

अतः ये तकनीकी बीड की सभी वांछित अहर्ता पूर्ण नहीं करते हैं।

(iii) M/S Nalanda Engicon Pvt. Ltd, Kankarbagh, Patna

इनके द्वारा तकनीकी बीड से संबंधित अभिलेख में Udyam Adhar No. मांग की गयी है, परन्तु इनके द्वारा संबंधित अभिलेख संलग्न नहीं किया गया है, जो मान्य नहीं है।

अतः ये तकनीकी बीड की सभी वांछित अहर्ता पूर्ण नहीं करते हैं।

(iv) PK Industries, Sheikhpura, Patna

इनके द्वारा तकनीकी बीड से संबंधित अभिलेख में ITB Cl- 4.5(B) (b) के तहत Key Personnel (Personnel /Qualification / Contract Package Size) अंतर्गत मांग किया गया एक अदद Site Engineer से सम्बंधित Degree Certificate, Affidavit संलग्न नहीं किया गया है, जो मान्य नहीं है। Work for which Bid already submitted से सम्बंधित अभिलेख संलग्न नहीं किया गया है।

अतः ये तकनीकी बीड की सभी वांछित अहर्ता पूर्ण नहीं करते हैं।

दिनांक 20.07.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में समिति द्वारा समीक्षोपरांत चारों निविदादाता यथा (i) Hindustan Commerce & Industry, Begusarai (ii) M/S Chandra Brothers , Gardanibagh, Patna (iii) M/S Nalanda Engicon Pvt. Ltd, Kankarbagh, Patna (iv) PK Industries, Sheikhpura, Patna द्वारा तकनीकी बीड की वांछित अर्हता पूरी नहीं करने के कारण चारों निविदादाताओं को तकनीकी बीड में असफल करने की अनुशंसा की गई है।

**5. समिति का निर्णय :--**

सम्यक् समीक्षोपरान्त विभागीय निविदा समिति द्वारा विभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा पर सहमति प्रदान करते हुए उक्त चारों निविदादाताओं को तकनीकी बीड में असफल करते हुए पुनर्निविदा आमंत्रित करने हेतु मुख्य अभियंता (यॉ०), जल संसाधन विभाग, पटना को निदेशित किया गया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (अरविन्द कुमार वर्मा) | (शम्स परवेज) | (निखिल कुमार) | (चन्द्रशेखर सिंह) |
| आंतरिक वित्तीय सलाहकार | मुख्य अभियंता (यॉन्त्रिक), | अभियंता प्रमुख,सिंचाई सृजन | सचिव |
| जल संसाधन विभाग, पटना। | जल संसाधन विभाग, पटना। | जल संसाधन विभाग, पटना। | जल संसाधन विभाग, पटना। |

ज्ञापांक -- मो०(3)--यॉ0--( चौसा पम्प हाउस निविदा )-- 347 / 2026-- 1881 पटना, दिनांक-- 03/08/26

प्रतिलिपि:-- मुख्य अभियंता (यॉ०), जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

(अमरेन्द्र कुमार)
अधीक्षण अभियंता
यॉ० एवं मो० अंचल--03

ज्ञापांक -- मो०(3)--यॉ0--( चौसा पम्प हाउस निविदा )-- 347 / 2026-- 1881 पटना, दिनांक-- 03/08/26

प्रतिलिपि:-- कार्यपालक अभियंता, आई०टी०, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय वेबसाइट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

(अमरेन्द्र कुमार)
अधीक्षण अभियंता
यॉ० एवं मो० अंचल--03